प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 98/ 2025)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
https://www.trai.gov.in
नई दिल्ली, 25 सितम्बर 2025

**तत्काल प्रकाशन हेतु**

**भादूविप्रा ने पश्चिम बंगाल लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के अंतर्गत पश्चिम बंगाल राज्य के आसनसोल, दुर्गापुर, बर्दवान, तमलुक, हल्दिया, कांथी और दीघा नगरों तथा आस-पास के क्षेत्रों में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने जुलाई 2025 माह में पश्चिम बंगाल लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एल.एस.ए.) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आई.डी.टी.) के निष्कर्ष जारी किए, जिसमें पश्चिम बंगाल राज्य के आसनसोल, दुर्गापुर, बर्दवान, तमलुक, हल्दिया, कांथी और दीघा के व्यापक मार्ग शामिल थे। भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट, विभिन्न परिवेशों- शहरी क्षेत्र, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय क्षेत्र, पर्यटन स्थल आदि में वास्तविक मोबाइल नेटवर्क निष्पादन को कैप्चर करने के लिए डिजाइन किए गए थे।

1 जुलाई 2025 से 19 जुलाई 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 691.0 किलोमीटर के शहर परीक्षण, 7.0 किलोमीटर के वॉक टेस्ट और 23 हॉटस्पॉट स्थलों पर विस्तृत परीक्षण किए। मूल्यांकन की प्रौदयोगिकियों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं जो विभिन्न क्षमताओं वाले हैंडसैट में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाती है। आई.डी.टी. के निष्कर्षो की सूचना सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही दी जा चुकी हैं।

**मूल्यांकन किए गए प्रमुख पैरामीटर** :

**क) वॉइस सेवाएं:** कॉल सेटअप सक्सेज रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल दर (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम , कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।

**ख) डाटा सेवाएं**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप दर तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले।

**कॉल सेटअप सक्सेज रेट** - ऑटो-सेलेक्शन मोड (**5G/4G/3G/2G**) में एयरटेल**,** बी.एस.एन.एल.**,** आर.जे.आई.एल.और वी.आई.एल. की कॉल सेटअप सक्सेज रेट क्रमशः **100.00%, 93.73%, 99.92%** और **96.74%** रही।

**ड्रॉप कॉल रेट**- ऑटो-सेलेक्शन मोड (**5G/4G/3G/2G**) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की ड्रॉप कॉल **रेट** क्रमशः **0.00%, 2.34%, 0.08%** और **0.16%** रही।


5**जी डाटा सेवाओं** ने सिटी ड्राइव में अधिकतम औसत डाउनलोड गति **245.34 Mbps** और अधिकतम औसत अपलोड गति **25.45 Mbps** प्रदान की।


आसनसोल में, दुर्गापुर, बर्दवान, और पश्चिम बंगाल के आकलन में बर्नपुर, नेमतपुर, ऊषा ग्राम, नेहरू पार्क, सीतारामपुर, चेरीडांगा, हमीदपुर, रेल पार, रानीगंज, अंडाल, बेनाचिती, ए ज़ोन, बी ज़ोन, सिटी सेंटर, बिधाननगर, दुर्गापुर बैराज, राजबांध, पानागढ़, बुदबुद, गलसी, खोसबगान, बाजेप्रतापुर, रायगंज, बर्दवान विश्वविद्यालय आदि क्षेत्र शामिल थे। इसके अलावा भादूविप्रा ने वास्तविक परिस्थितियों में **स्टैटिक टेस्टिंग** माध्यम से (**i**) सेल आई.एस.पी. बर्नपुर अस्पताल, **(ii)** गैलेक्सी मॉल, आसनसोल, **(iii)** आसनसोल रेलवे स्टेशन बस स्टैंड, **(iv)** बर्दवान रेलवे स्टेशन, **(v)** डी.एम. कार्यालय, बर्दवान, **(vi)** कर्ज़न गेट, बर्दवान, **(vii)** सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज, बर्दवान, **(viii)** उल्लास मोड़ बस स्टॉप, बर्दवान, **(ix)** दुर्गापुर बस स्टैंड, **(x)** दुर्गापुर बैराज, **(xi)** डी.एस.पी. मुख्य अस्पताल, दुर्गापुर, **(xii)** बेनाचिती मार्केट, दुर्गापुर, **(xiii)** काज़ी नज़रुल इस्लाम हवाई अड्डा, में दुर्गापुर में नैटवर्क का आकलन किया और **वॉक-टेस्ट** के माध्यम से (**i**) सेंट्रम मॉल, आसनसोल, **(ii)** डी.एम. कार्यालय, आसनसोल, **(iii)** आसनसोल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, **(iv)** बिधान चंद्र कॉलेज, आसनसोल, **(v)** दुर्गापुर सिटी सेंटर, **(vi)** एन.आई.टी. दुर्गापुर, **(vii)** बर्दवान विश्वविद्यालय, **(viii)** बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वास्तविक परिस्थितियों में नैटवर्क का आकलन किया।

**तमलुक में, हल्दिया, कांथी और दीघा (पश्चिम बंगाल)** केआकलन में नंदकुमार, काकगेच्छा, राधामोनी, राधाबल्लवपुर, उत्तर चारा संकरा, बारगभीमा मंदिर, महिषादल, गियोनखाली, चैतन्यपुर, सुताहाता, दुर्गाचक, हल्दिया टाउनशिप, चांदीपुर, बजकुल, हेनरिया, नाचिंदा मंदिर, धानडिघी, जूनपुट, चौलखोला, मंदरमनी, ताजपुर, दीघा मोहना, न्यू दीघा आदि क्षेत्र शामिल थे। इसके अलावा भादूविप्रा ने **स्टैटिक टेस्टिंग** के माध्यम से (i) ओल्ड दीघा बीच, (ii) जगन्नाथधाम मंदिर, दीघा, (iii) दीघा बस स्टैंड, कांथी, (iv) कांथी बाज़ार, कांथी, (v) हल्दिया अंतर्राष्ट्रीय पोर्ट एल2 टर्मिनल, (vi) सिटी सेंटर, हल्दिया, (vii) कोस्ट गार्ड स्टेशन, हल्दिया, (viii) डी.एम. कार्यालय, तमलुक, (ix) बारगभीमा मंदिर, (x) ताम्रलिप्त महाविद्यालय, तमलुक में वास्तविक परिस्थितियों में नेटवर्क का मूल्यांकन किया। **वॉक-टेस्ट** के माध्यम से (i) तमलुक जिला न्यायालय, (ii) ताम्रलिप्त सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, (iii) हल्दिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, (iv) पी.के. कॉलेज, कांथी, (v) दीघा रेलवे स्टेशन पर स्टेशनरी यूज़र एक्सपीरिएंस का आंकलन करने हेतु परीक्षण किए गए ।

**प्रमुख मानदंडों पर निष्पादन :**

**सी.एस.एस.आर.**: कॉल सेटअप सक्सेज रेट (प्रतिशत में),**सी.एस.टी.** : कॉल सेटअप समय (सेकंड में),**डी.सी.आर.** : ड्रॉप कॉल रेट (प्रतिशत में),**एम.ओ.एस.** : मीन ओपिनियन स्कोर




| सारांश - वॉइस सेवाएं | सारांश - डाटा सेवाएं |
|---|---|
| .**कॉल सेटअप सक्सेज रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की कॉल सेटअप सक्सेज रेट क्रमशः 100.00%, 93.73%, 99.92% और 96.74% रही।<br><br>**कॉल सेटअप टाइम** : ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 1.90 सेकंड, 5.70 सेकंड, 0.64 सेकंड और 1.00 सेकंड रहा।<br><br>**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 2.34%, 0.08% और 0.16% रही।<br><br>**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (5G/4G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.ए साइलेंस कॉल रेट क्रमशः 0.69%, 1.44%, 0.82% और 0.35% रही।<br><br>**मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस):** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का औसत एमओएस क्रमशः 4.02, 2.67, 3.91 और 4.50 रहा। | **डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड गति 120.23 Mbps, बी.एस.एन.एल. (4G/3G/2G) की 1.12 Mbps, आर.जे.आई.एल. (5G/4G) की 245.34 Mbps और वी.आई.एल. (4G/2G) की 24.23 Mbps रही।<br><br>**डाटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र):** एयरटेल (5जी/4जी/2जी) की औसत अपलोड गति 25.45 Mbps, बी.एस.एन.एल. (4G/3G/2G) की 2.74 Mbps, आर.जे.आई.एल. (5G/4G) की 23.48 Mbps और वी.आई.एल. (4G/2G) की 15.01 Mbps रही।<br><br>**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की 50वीं परसेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 25.90 मिलीसेकंड, 44.10 मिलीसेकंड, 17.85 मिलीसेकंड और 42.65 मिलीसेकंड रही।<br><br>**डेटा प्रदर्शन - हॉटस्पॉट ( Mbps में)**<br>एयरटेल- 4G D/L: 44.40 4G U/L: 7.19<br>5G D/L: 140.69 5G U/L: 40.68<br>बी.एस.एन.एल.- 4G D/L: 1.65 4G U/L: 3.48<br>आर.जे.आई.एल.- 4G D/L: 35.45 4G U/L: 11.61<br>5G D/L: 226.65 5G यू U/L: 22.59<br>वी.आई.एल.- 4G D/L: 21.11 4G U/L: 12.79<br><br>नोट - "D/L" का अर्थ है डाउनलोड स्पीड, "U/L" का अर्थ है अपलोड स्पीड |

ये परीक्षण भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों और मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए रीयल-टाईम परिवेश में किए गए। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए श्री संजय कुमार गुप्ता, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता), भादूविप्रा से ईमेल: adv.kolkata@trai.gov.in या दूरभाष संख्या: +91-33-22361401 पर संपर्क किया जा सकता है।

25-09-2025
**(संजय कुमार गुप्ता)**
**सलाहकार, भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता**